प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिनिदाद और टबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित किया–कहा, भारतीयों की यात्रा साहस से भरी हुई है।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा–केन्द्र सरकार की प्रभावी विदेश नीति ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई।
- समाज में बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं की रोकथाम के लिये प्रदेश में गेटकीपर कार्यक्रम चलाया जायेगा।
- प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर मॉनसून की बारिश–कई स्थानों पर तेज बरसात से नदी नाले उफान पर।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि त्रिनिदाद और टबैगो में भारतीय समुदाय की यात्रा साहस से भरी है। त्रिनिदाद और टबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनके पूर्वज केवल प्रवासी नहीं थे, बल्कि एक शाश्वत सभ्यता के संदेशवाहक थे।

.....

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि त्रिनिदाद और टबैगो में भारतीय मूल के नागरिक अब ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्ड के लिए पात्र होंगे, जिससे वे बिना किसी प्रतिबंध के भारत में रह सकेंगे और काम कर सकेंगे। उन्होंने भारतीय समुदाय को अपनी पैतृक भूमि का दौरा करने और भारत के साथ अपने संबंधों को गहरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री कल रात अपने पांच देशों के दौरे के दूसरे चरण के लिए त्रिनिदाद और टबैगो के पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे। हवाई अड्डे पर त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ श्री मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री के रूप में त्रिनिदाद और टबैगो की यह उनकी पहली यात्रा है और 1999 के बाद से प्रधानमंत्री स्तर की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी आज राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के साथ वार्ता करेंगे। वे वहां की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी आज अर्जेंटीना जाएंगे। अर्जेंटीना भारत का एक प्रमुख आर्थिक साझेदार है और जी–20 में भी निकट सहयोगी है।

.....................

भारत जैविक मेला–2025 कल से नई दिल्ली के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में शुरू हुआ। सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत जैविक मेला इस बात का उदाहरण है कि किस तरह सहकारी मॉडल छोटे किसानों को सशक्त बना सकता है। साथ ही भारतीय घरों तक सुरक्षित और जैविक भोजन पहुंचा सकता है। इधर राज्य में इस वर्ष पहली बार संभाग स्तर पर सहकार मेले लगाये जायेंगे। ये मेले जोधपुर, कोटा और उदयपुर में आयोजित होंगे। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि ये मेले सहकारी आन्दोलन को गांव–गांव तक पहुंचाने के साथ ही सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों के तहत लगाये जायेंगे। राज्य में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–2025 के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी कडी में जयपुर स्थित सहकार भवन में **सहकारिता का सफरः अतीत से वर्तमान तक**' विषय पर प्रदर्शनी लगायी गयी है। विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने कल इसका उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में सहकारी आन्दोलन के अब तक के सफर को विस्तार से प्रदर्शित किया गया है।

.....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि केन्द्र सरकार की प्रभावी विदेश नीति ने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दी है। वे कल जयपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लंदन में यूके की संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स में संस्कृति युवा संस्था द्वारा आयोजित 12वें 'भारत गौरव अवार्ड' समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल भारतीय प्रतिभाओं के सम्मान का उत्सव ही नहीं, बल्कि भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच मजबूत और सौहार्दपूर्ण संबंधों का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि "राइजिंग राजस्थान" के तहत हुए 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों ने राज्य में रोजगार और

समृद्धि की अपार संभावनाएं बनाई हैं। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से यहां निवेश कर प्रदेश की विकास यात्रा का हिस्सा बनने का आह्वान किया।

....................

प्रदेश में इन दिनों पंडित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों को राहत दी जा रही है। इन शिविरों में पेयजल, स्वास्थ्य और रजस्व से जुडे सालों से लंबित मामलों का आपसी सहमति से मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। साथ ही पात्र व्यक्तियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंहुचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित केबिनेट के कई अन्य मंत्री जगह–जगह लगे इन शिविरों का निरीक्षण कर रहे है। इसी कडी मे मुख्यमंत्री आज कोटपूतली–बहरोड के बानसूर में लगाये गये शिविर का अवलोकन करेंगे।

.....

00000

समाज में बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं की रोकथाम के लिये प्रदेश में गेटकीपर कार्यक्रम चलाया जायेगा। इस कार्यक्रम के तहत हताश और आत्महत्या की सोच रखने वाले व्यक्तियों को गेटकीपर के रूप में आसानी से प्रभावी मोटिवेटर उपलब्ध होंगे। इनकी मदद से ऐसे लोगों को सही समय पर सही मार्गदर्शन मिल सकेगा। इसके लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. अमित यादव ने कल जयपुर में राज्य स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि ये ट्रेनर्स बाद में जिला और ब्लॉक स्तर के कार्मिकों को प्रशिक्षण देंगे। मिशन निदेशक ने कहा कि प्रदेश में चल रहे निरामय राजस्थान अभियान में मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता को जरूरी मानकर इस विषय को प्रमुखता से शामिल किया गया है। इस कार्यशाला में जिलों में संचालित मानसिक स्वास्थ्य इकाई, चिकित्सक और कार्मिक हिस्सा ले रहे हैं।

....................

प्रदेश के औषधीय पौधो पर जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय में अनुसंधान किया जायेगा। वन हैल्थ के तहत किये जा रहे इस अनुसंधान में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय और स्विट्जरलैण्ड का शोध संस्थान शामिल होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस संयुक्त शोध परियोजना में अश्वगंधा, शंखपुष्पी, शनाय, गोखरू और ग्वारपाठा सहित अन्य औषधीय पौधो पर अनुसंधान किया जायेगा।

....................

प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर मॉनसून की बरसात का सिलसिला जारी है। कल भी कई स्थानों पर तेज बरसात के समाचार है। बारां के मांगरोल और शाहबाद में अच्छी बारिश हुई। इससे शाहबाद के देवरी क्षेत्र में नदी नाले उफान पर आ गये। पाली में तेज बरसात से जलस्त्रोतों में पानी की आवक बनी हुई है। बाणियावास बांध में साढे तीन फीट तक पानी भर गया है। जोधपुर में कई इलाकों में अच्छी बरसात हुई। बारिश का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया हालांकि निचले इलाकों में जल भराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। अलवर में लगातार हुई बारिश से जिले के जलाशयों में पानी का स्तर बढ रहा है। लोग अच्छे मौसम का आनंद लेने के लिए पर्यटन स्थलों पर पंहुच रहे है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बारिश का दौर आगामी तीन–चार दिन बने रहने की संभावना है। विभाग ने आज 14 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट दिया है। इनमें जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, टोंक, सवाईमाधोपुर, बूंदी, बारां, कोटा, झालावाड अजमेर और भीलवाडा जिला शामिल हैं। यहां गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। विभाग ने बादल गरजने के समय पेड़ों के नीचे शरण नहीं लेने की सलाह दी है। साथ ही घरों में इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के प्लग हटाने को भी कहा है।

....................